प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 01.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार ने दिया राहत भरा आश्वासन, कहा– देश में खरीफ फसलों के बीज और कच्चे तेल का है पर्याप्त भंडार।
- झारखंड हाईकोर्ट में राज्य के खाली पड़े महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर हुई सुनवाई, राज्य सरकार से मांगी गई स्टेटस रिपोर्ट, मामले की अगली सुनवाई अब 13 अप्रैल को।
- राज्य की कानून–व्यवस्था को लेकर भाजपा ने डीजीपी को सौंपा ज्ञापन, 3 अप्रैल को झारखंड बंद का ऐलान, झामुमो ने भाजपा नेता पर लगाया साजिश का आरोप।
- धनबाद में भू–धंसान से तीन लोगों की मौत, धंसान वाली जगह से जहरीली गैस का रिसाव शुरू, प्रशासन ने इलाके को किया सील।
- झारखंड की महिला कबड्डी टीम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के फाइनल में पहुंची, बेहद रोमांचक मुकाबले में विदर्भ को 39–36 से दी शिकस्त।

और अब समाचार विस्तार से

****

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने देश में फसलों के बीज और कच्चे तेल की पर्याप्त उपलब्धता का आश्वासन दिया है। कृषि अपर सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने बताया कि खरीफ फसलों के लिए 185 लाख क्विंटल से अधिक बीज उपलब्ध हैं।

साउंड बाइट – डा. मनिंदर कौर ऑन खरीफ फसल – 22 सेकेंड

वहीं, पेट्रोलियम संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के अनुसार अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गई है।

****

झारखंड हाईकोर्ट में लोकायुक्त और मानवाधिकार आयोग समेत 12 संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर सुनवाई हुई। महाधिवक्ता ने बताया कि लोकायुक्त चयन के लिए बैठक हो चुकी है, लेकिन मुख्यमंत्री के बाहर होने के कारण निर्णय से बाद में अवगत कराया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी।

****

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रदेश की कानून–व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त बताते हुए 2 अप्रैल को सभी जिला मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकालने और 3 अप्रैल को झारखंड बंद का ऐलान किया है। उन्होंने अपराधियों को सरकारी संरक्षण मिलने का भी आरोप लगाया है।

****

राज्य की कानून–व्यवस्था को लेकर भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज रांची में पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने खूंटी और विष्णुगढ़ की हालिया घटनाओं के साथ बढ़ती रंगदारी पर गहरी चिंता जताई। बाद में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि डीजीपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है।

साउंड बाइट – नवीन जायसवाल ऑन लॉ एण्ड ऑर्डर – 22 सेकेंड

****

झामुमो ने इस पर पलटवार किया है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि महंगाई से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही देश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर और प्रीमियम ईंधन के दामों में बढ़ोतरी केंद्र सरकार की विफलता का प्रतीक है।

****

इधर, कांग्रेस नेता अंबा प्रसाद ने हजारीबाग के विष्णुगढ़ मामले को लेकर लोकभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। उन्होंने पीड़िता के लिए न्याय और पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की है।

साउंड बाइट – अंबा प्रसाद ऑन सीबीआई जांच – 20 सेकेंड

उन्होंने राज्यपाल से मामले में हस्तक्षेप करने के साथ ही राज्य में अविलंब महिला आयोग के गठन की भी वकालत की।

****

धनबाद के सोनारडीह ओपी क्षेत्र के टांडाबाड़ी इलाके में कल देर शाम हुए भू–धंसान में तीन लोगों की मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा चरम पर है। आज दोपहर बाद जब कोल इंडिया और बीसीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे, तो आक्रोशित ग्रामीणों ने गोविंदपुर एरिया के महाप्रबंधक पर पथराव कर दिया। हालांकि, सीआईएसएफ के जवानों ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। फिलहाल इलाके में करीब 35 मीटर के दायरे में तेज गैस का रिसाव हो रहा है। प्रशासन ने इस पूरे इलाके को डेंजर जोन घोषित कर सील कर दिया है और प्रभावित परिवारों को पास के सरकारी स्कूल के राहत शिविर में भेजा गया है।

बीसीसीएल सेफ्टी के जीएम संजय सिंह ने कहा है कि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा और हालात सामान्य होते ही जेसीबी से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

****

रांची पुलिस ने मोबाइल चोरी, चेन छिनतई और अवैध हथियार रखने के मामलों का बड़ा खुलासा किया है। नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने बताया कि रामनवमी मेले से मोबाइल चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों सहित कुल सात अपराधियों को अलग–अलग मामलों में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

****

इधर, पलामू पुलिस ने हत्या की सुपारी लेने वाले एक युवक के अपहरण और हत्या के प्रयास के मामले में आठ शातिर अपराधियों को पिस्तौल और गोलियों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उधर, धनबाद में रेलवे सुरक्षा बल ने चंबल एक्सप्रेस में नशाखुरानी कर महिला की हत्या करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। साधु का भेष बनाकर जहरखुरानी करने वाले इस गिरोह के सात शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये सभी उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के रहने वाले हैं।

****

मौसम विभाग ने राज्य के लिए पांच अप्रैल तक मेघ गर्जन, हल्की बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। चार और पांच अप्रैल को पूरे राज्य में आंधी के साथ बारिश होने के आसार हैं, जबकि कुछ जिलों में उमस भरी गर्मी रहेगी।

****

छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में झारखंड की महिला कबड्डी टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में विदर्भ को 39–36 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

*******समाप्त********